# हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद रेप का केस दर्ज

- थाने में युवती की शिकायत दर्ज नहीं की गई थी
- युवती ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 9 अगस्त. शादी का वादा कर युवती से दुष्कर्म करने और बाद में उसे झूठे हनीट्रैप मामले में फंसाने की धमकी देने के आरोप में कमलानगर पुलिस ने हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज किया है.**

खास बात यह है कि पीड़िता ने 10 जुलाई को ही थाने पहुंचकर शिकायत की थी, लेकिन तत्काल प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर उसे न्याय के लिए हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी. हाईकोर्ट में याचिका दायर होने के बाद अदालत के हस्तक्षेप पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार पीड़िता भोपाल की रहने वाली है और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है. सागर निवासी आरोपी भी उसका परिचित है. दोनों भोपाल में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते थे. इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं. युवती का आरोप है कि युवक ने उससे शादी करने का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. बाद में आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया. युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपित ने उसे हनीट्रैप के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी.

पुलिस अब दोनों पक्षों की शिकायतों, आडियो और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कर रही है. पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल दुष्कर्म के आरोप में दर्ज मामले की विवेचना जारी है.

### आरोपी ने भी युवती के खिलाफ दी थी शिकायत

मामले में आरोपी युवक का पक्ष भी सामने आया है. जिस युवक के खिलाफ कमलानगर पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया है, उसने युवती के खिलाफ सागर में अड़ीबाजी की शिकायत दी थी. यह शिकायत आठ जुलाई को दर्ज कराई गई थी. सूत्रों के अनुसार युवक ने पुलिस को एक आडियो भी उपलब्ध कराया है. इसमें युवती द्वारा रुपये मांगने की बात होने का दावा किया गया है.

# मंदिर में चढ़ाने के लिए लड्डुओं में मिली फफूंद

## शिकायत के बाद खाद्य विभाग ने लिए सैंपल

नवभारत न्यूज

**मंडीदीप, 9 अगस्त .मंडीदीप में दिल्ली स्वीट्स से मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए खरीदे गए लड्डुओं में फफूंद मिलने का मामला सामने आया है. अधिवक्ता हेमंत जैन ने बताया कि उन्होंने अपने मित्र मानस के साथ दुकान से लड्डू खरीदे थे. मंदिर पहुंचकर डिब्बा खोलने पर लड्डुओं में फफूंद दिखाई दी, जिसके बाद प्रसाद चढ़ाए बिना ही लड्डू दुकान पर वापस कर दिए गए.**

हेमंत जैन ने आरोप लगाया कि संबंधित दुकान संचालक पर पूर्व में भी खाद्य विभाग द्वारा 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है. उनका कहना है कि इसके बावजूद



खाद्य गुणवत्ता को लेकर लापरवाही बरती जा रही है. उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है. वहीं, दिल्ली स्वीट्स संचालक चंद्र राठौर ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि ग्राहक चार-पांच दिन पहले मिठाई ले गए होंगे और फफूंद लगने के बाद वापस लाकर दुकान को बदनाम कर रहे हैं.

### इनका कहना है

खाद्य अधिकारी रायसेन धर्मेंद्र नोनिया ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मिठाई के सैंपल लिए गए हैं. इनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. एसडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने कहा कि सड़ी-गली मिठाई बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा.

# बस्ती में बह रहा सीवेज का गंदा पानी, बढ़ा बीमारी का खतरा

संतनगर प्रतिनिधि

**संतनगर , 9 अगस्त . वार्ड क्रमांक 4 के अंतर्गत ग्राम बेहटा में टेऊराम आश्रम के समीप सीवेज का गंदा पानी बहने से रहवासी परेशान हैं. राहुल नगर की ओर से आने वाला सीवेज का पानी बस्ती के बीच से होकर बह रहा है, जिससे आसपास गंदगी का माहौल बना हुआ है.**

गंदे पानी के कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है. रहवासियों का कहना है कि समस्या के निराकरण के लिए नगर निगम अधिकारियों से लेकर क्षेत्रीय पार्षद तक कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है. सीवेज का पानी लगातार बहने से क्षेत्र में अस्वच्छता बनी रहती है और लोगों को बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है. रहवासियों के अनुसार मच्छरों की बढ़ती संख्या के कारण क्षेत्र में वायरल सहित अन्य बीमारियों की आशंका बनी हुई है. गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध और लगातार बनी रहने वाली गंदगी से भी लोगों को परेशानी हो रही है. रहवासियों ने नगर निगम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करते हुए सीवेज की समस्या का स्थायी निराकरण कराने तथा क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था सुधारने की मांग की है.

# सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन

- बैरसिया में 20 लाख रुपए की लागत से बनेगी सड़क
- मूलभूत समस्याओं से मिलेगी निजात

नवभारत न्यूज

**बैरसिया, 9 अगस्त. नगर पालिका आपके द्वार अभियान के तहत नपाध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़ ने वार्ड 14 हरसिद्धि कॉलोनी में लगभग 20 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन किया.**

नगरपालिक आपके द्वार अभियान में नपा अध्यक्ष सप्ताह में नियमित रूप से वार्ड पार्षद के साथ जनता की मूलभूत



समस्याओं का वार्डों में मौके पर ही निराकरण करेंगी. वार्ड 14 में नपाध्यक्ष और स्थानीय पार्षद के साथ नपा टीम ने वार्ड में साफ सफाई, नल-जल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का जायजा लेकर उनका निराकरण किया. वार्ड वासियों की मांग पर उन्होंने सड़क निर्माण की स्वीकृति दी. इस अवसर पर विजय गुप्ता, नारायण चौरसिया , मुकेश छीपा , धर्मेंद्र भदौरिया ठेकेदार, मयंक गुप्ता, रिंकू साहू , माधो सिंह दांगी , ओम प्रकाश अहिरवार आदि मौजूद थे.

## डंपर ने कार को मारी जोरदार टक्कर

**भोपाल.** एमपीनगर इलाके में रविवार को तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से कार में जोरदार टक्कर मार दी. हालांकि कार में सवार परिवार सुरक्षित रहा लेकिन, कार पूरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई. कार मालिक ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है. फरियादी संजीव सिंह (51) निवासी मिसरोद ने एमपीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई. संजीव ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ रेलवे कॉलोनी गोविंदपुरा से एयरपोर्ट जा रहे थे. दोपहर में फूलों की दुकान के पास जोन 2 एमपी नगर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे डंपर के चालक अपने तेजी और लापरवाही से उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी.



# दो गुटों के बीच हुई मारपीट

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 अगस्त. छोला मंदिर थाना इलाके में पारिवारिक विवाद के चलते दो गुटों में मारपीट का मामला सामने आया है. मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने विवाद शांत कराया.**

पीड़ित परिवार की महिला दीपा शर्मा ने ओर से पुलिस प्रशासन से शिकायत कर कार्रवाई और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है. दीपा ने बताया कि वह समाजसेवा का कार्य करती हैं और एक संगठन की सदस्य भी हैं. उनके घर के अंदर परिवार के ही लोग घुसे और मारपीट की. मामले में पुलिस कार्रवाई की मांग पीड़ित पक्ष ने की है.

# शिक्षकों को जिला बदलने का मौका

## 10-11 को टीआरसी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

- नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को मिली सुविधा
- डीपीआई ने जारी किए दिशा निर्देश




नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 9 अगस्त. स्कूल शिक्षा विभाग ने नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए पारस्परिक जिला बदलने का अवसर दिया है. हाल ही में 13 हजार 89 पदों पर चयनित उम्मीदवार अब अपनी सुविधा के अनुसार जिला बदलने के लिए आवेदन कर सकेंगे.**

विभाग ने यह कदम उन नवनियुक्त शिक्षकों की व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए उठाया है. जिन्हें पारिवारिक स्वास्थ्य संबंधी या सामाजिक कारणों से आवंटित स्कूल में सेवाएं देने में परेशानी आ रही है.

लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार समान वर्ग और श्रेणी 2 के चयनित अभ्यर्थी आपसी सहमति से अपने आवंटित जिले और विद्यालय को परस्पर बदल सकते हैं.इसके लिए पात्र उम्मीदवारों को 10 और 11 अगस्त को टीआरसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दर्ज करना होगा.प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया से किसी भी अन्य अभ्यर्थी के मेरिट क्रम आरक्षण व्यवस्था या अधिकारों पर कोई असर नहीं पड़ेगा.हालांकि केवल पोर्टल पर आवेदन कर देने मात्र से तबादले का अधिकार नहीं मिलेगा.सभी आवेदनों की जांच के बाद अंतिम निर्णय आयुक्त लोक शिक्षण द्वारा लिया जाएगा.

# कार की टक्कर से ऑटो से जा रहा परिवार हुआ घायल

## छोला मंदिर पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 अगस्त. छोला मंदिर थाना इलाके में एक कार चालक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में ऑटो चालक और उसकी पत्नी और तीन बच्चों को चोट आई. रविवार को पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया.**

जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक शनि शर्मा (45) निवासी मालीखेड़ी ने शिकायत दर्ज कराई. शनि शनिवार दोपहर अपने आटो से रासलाखेड़ी स्कूल से अपने बच्चों क ो लेकर घर छोड़ने जा रहा था. उस समय विदिशा रोड पर पहुंचने पर सामने से एक कार का चालक अपनी कार को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए उनके ऑटो में टक्कर मार दी. टक्कर लगने से ऑटो पलट गया. हादसे में शनि और उनका परिवार चोटिल हो गया साथ ही आटो भी डेमेज हो गया. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया.



**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने निज निवास पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज**

**भोपाल, 9 अगस्त .** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को भोपाल स्थित अपने निज निवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया.




**चौक बाजार में वाहनों से हो रही है असुविधा**

**भोपाल, 9 अगस्त .** चौक बाजार में दुकानों के सामने लापरवाही से दो पहिया वाहन हर रोज खड़े किए जा रहे हैं, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

## 17 तक मनाएंगे हर घर तिरंगा अभियान

**भोपाल.** आजादी के अमृतकाल के तहत भोपाल मंडल में 9 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान-2026 मनाया जाएगा. इस दौरान प्रमुख रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों, रेलवे परिसरों और अन्य प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. अभियान के तहत प्रमुख रेलवे स्टेशनों एवं महत्वपूर्ण भवनों को तिरंगे के रंगों वाली आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा. वहीं स्टेशनों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की वाद्य धुन का प्रसारण किया जाएगा. इससे यात्रियों और आमजन में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा मिलेगा.

# वन विहार में पार्किंग व्यवस्था पर सवाल

सिटी रिपोर्टर

**भोपाल , 9 अगस्त. वन विहार में पार्किंग व्यवस्था को लेकर लगातार अनियमितताएं सामने आ रही हैं. यहां पार्किंग के नाम पर कथित रूप से अवैध वसूली किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं. मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि पार्किंग की टिकट लेने के बाद भी वाहन खड़ा करने की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है.**



**अवैध वसूली के आरोप**

जहां वास्तविक रूप से पार्किंग स्थल बनाया गया है, वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नजर नहीं आते. इसके चलते वाहन चालकों को अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है. लोगों के मुताबिक कई वाहन चालक पार्किंग स्थल में वाहन खड़ा करने के बजाय गेट के सामने ही वाहन लगाकर चले जाते हैं, जिससे प्रवेश और निकासी व्यवस्था भी प्रभावित होती है. आरोप है कि इन अनियमितताओं पर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं है. लोगों ने पार्किंग व्यवस्था की जांच कराने, शुल्क वसूली में पारदर्शिता लाने और वाहनों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाने की मांग की है. वहीं, वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि समय-समय पर मेंटेनेंस का काम चलता रहता है, जिसके चलते कुछ समय के लिए इस प्रकार की अव्यवस्था देखने को मिलती है. अधिकारियों ने व्यवस्था जल्द सामान्य होने की बात कही है.

**अनदेखी** | करीब 15 एकड़ जमीन पर है अतिक्रमण, शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

# वन विभाग की जमीन पर की जा रही है खेती

नवभारत न्यूज

**बैरसिया, 9 अगस्त. बैरसिया रेंज की सोहाया बीट के कोला एव मंशापूरण में वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर खेती की जा रही है. ग्रामीणों का कहना है कि कोला ओर मंशा पुरण इलाके में वन विभाग की करीब 15 एकड़ से अधिक जमीन पर सालों से लोग खेती कर रहे हैं.**

हर साल वन विभाग की जमीन की फैंसिंग उखाड़ कब्जा किया जा रहा है. इस अतिक्रमण में एक वन चौकीदार की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है. डिप्टी रेंजर और नाकेदार भैयालाल प्रजापति उक्त जमीन



को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही से बचते नजर आ रहे हैं. जबकि ग्रामीणों ने इसकी शिकायत रेंजर संजय सिह राजपूत से कई बार की.अब ग्रामीणों ने उप वनमंडल अधिकारी ( एसडीओ ) से भी शिकायत की है. सूत्रों से पता चला है क सोहाया बीट के कोला में ऊदम नाम का वन चौकीदार भी वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर खेती कर रहा है. इसकी जांच कर पूर्व रेंजर नरेंद्र कुमार चौहान ने चौकीदार ऊदम को डीएफओ के आदेश से हटवा दिया गया था. रेंजर चौहान के स्थानांतरण के बाद आए रेंजर संजय सिह राजपूत ने उसी चौकीदार को बगैर जांच पड़ताल के पुन: रखवा दिया. चौकीदार ने कोला में वन विभाग की लगभग 2 एकड़ जमीन पर नया कब्जा कर लिया. इसके अलावा अन्य कई लोग भी वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर खेती कर रहे हैं.

### इनका कहना है

मामले की जांच दल गठित कर कराई जाएगी. जांच में वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा मिला तो अतिक्रमण मुक्त की कार्रवाई की जायेगी. साथ ही जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई करेंगे.

**लोकप्रिय भारती, डीएफओ**

## महिला के साथ मारपीट की कोशिश

**भोपाल.** बागसेवनियां थाना इलाके में एक महिला के साथ उसके पड़ोसी व्यक्ति ने गाली गलौज कर मारपीट करने की कोशिश की. रविवार को महिला के आरोप पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. 55 वर्षीय फरियादिया ने पहले आरोपी के बेटे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई. इस बात से नाराज आरोपी के पिता ने उस पर हमला करने की कोशिश की. महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी पोती को लेकर पड़ोसी का लड़का कहीं गया था, जिसकी शिकायत थाने में महिला ने पहले ही दर्ज कराई थी. इस बात से नाराज आरोपी लड़के के पिता देवानंद अचानक शनिवार को देर रात महिला के घर पहुंचा और उसके साथ गाली गलौज कर उन पर हमला करने का प्रयास किया.

# महिलाएं करेंगी पानी की पाइप लाइन लीकेज जांच

सिटी रिपोर्टर

**भोपाल, 9 अगस्त . अमृत 2.0 योजना के तहत भोपाल में स्व-सहायता समूह की महिलाएं अब जल वितरण प्रणाली में लीकेज डिटेक्शन और पाइपलाइन मरम्मत जैसे तकनीकी कार्य करेंगी. इसके लिए गोविंदपुरा स्थित आईटीआई में महिलाओं के प्रथम प्रशिक्षण बैच की शुरुआत की गई है.**

प्रदेश में संचालित अमृत मित्र परियोजना के तहत पहले से जल गुणवत्ता परीक्षण, पार्क रखरखाव और पौधरोपण जैसे कार्यों में महिलाएं सहयोग दे रही हैं. अब उन्हें जल प्रबंधन से जुड़े तकनीकी कार्यों से जोड़ने के लिए देशव्यापी पायलट प्रोजेक्ट में भोपाल को शामिल किया गया है.प्रशिक्षण में महिलाओं को



जल वितरण प्रणाली की जानकारी, पाइपलाइन में खराबी की पहचान, आधुनिक लीकेज जांच तकनीक, उपकरणों का उपयोग, पाइप मरम्मत, सुरक्षा मानकों और फील्ड रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया सिखाई जा रही है. आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सलाहकार उषा गर्ग और अरुण शर्मा ने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया. उन्होंने प्रतिभागियों से बातचीत कर इस पहल को जल संरक्षण, बेहतर शहरी जल प्रबंधन और महिला कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया.